संख्या–cm-503
27/09/2023

# मुख्यमंत्री ने बांका सदर अस्पताल के नवनिर्मित मॉडल अस्पताल भवन का किया उद्घाटन, जमुई जिला के सोनो प्रखंड स्थित बरनार नदी पर निर्मित क्षतिग्रस्त कॉजवे का भी किया निरीक्षण

पटना, 27 सितम्बर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बांका सदर अस्पताल परिसर में 13 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित मॉडल अस्पताल भवन का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने मॉडल अस्ल्पताल भवन का निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जानेवाली सुविधाओं, चिकित्सकों के आवासन, निःशुल्क दवा वितरण आदि के संबंध में जानकारी ली। सदर अस्पताल बांका के परिसर में स्थित ओ0पी0डी0 आयुष ब्लॉक का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। जायजा के क्रम में आयुष ब्लॉक में मरीजों के लिए उपलब्ध निःशुल्क दवाएं एवं मरीजों को दी जानेवाली सुविधाओं आदि के संबंध में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सहायता केंद्र पर स्वास्थ्य मित्र के रुप में सेवारत जीविका दीदियों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री से जीविका दीदियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां काम कर के बहुत अच्छा लगता है। हम सभी आपके प्रति अपना आभार प्रकट करते हैं कि हमलोगों को यहां सेवा प्रदान करने का आपने अवसर दिया। बांका सदर अस्पताल परिसर में मुख्यमंत्री ने 'दीदी की रसोई' का फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री को जीविका दीदी श्रीमती अनिता देवी ने 'दीदी की रसोई' में परोसी जानेवाली भोज सामग्रियों के संबंध में बताते हुए कहा कि आज से इसकी शुरुआत आपके कर कमलों द्वारा हो रही है। हमलोग साफ–सुथरा, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट रसोई लोगों को यहां कम पैसे उपलब्ध करायेंगे।

मुख्यमंत्री ने जीर्णोद्धार कराये गये इंडोर स्टेडियम, बांका का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंडोर स्टेडियम में प्रैक्टिस कर रहे बैंडमिंटन खिलाड़ियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की। खिलाड़ियों ने इंडोर स्टेडियम में मिलनेवाली सुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को बताते हुए कहा कि यह हमलोगों के लिए काफी उपयोगी और सुविधाजनक है। हम सभी आपका स्वागत करते हैं और इसके लिए आपके प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से कहा कि पढ़ना काफी आवश्यक हैं लेकिन इसके साथ–साथ खेल–कूद भी बहुत जरुरी है। इससे शारीरिक एवं मानसिक विकास ठीक ढंग से होता है। आप सब मन लगाकर पढिए, खेलिए और आगे बढिए। इस दौरान स्थानीय महिला कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने आर0एम0के0 हाई स्कूल, बांका परिसर स्थित डिजिटल लाइब्रेरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने वहां अध्ययनरत् विद्यार्थियों से वार्ता कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हिंदी काफी महत्वपूर्ण भाषा है। हमारी इच्छा है और हम बराबर कहते भी रहते हैं कि हिंदी

भाषा का अधिक से अधिक प्रयोग करें। सरकारी भवनों पर अंग्रेजी की जगह हिंदी भाषा ही अंकित कराएं। हमने इंजीनियरिंग की पढ़ाई अंग्रेजी में ही की है। अंग्रेजी भाषा भी आवश्यक है लेकिन हमारी सरकारी भाषा हिंदी और उर्दू है। अधिक से अधिक लोग हिंदी पढ़ना जानते हैं। हम चाहते हैं कि हिंदी भाषा का प्रयोग ज्यादा से ज्यादा हो ताकि कोई भी सूचना या जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें। यदि कोई सूचना या जानकारी लोगों तक पहुंचानी है तो उसके लिए हिंदी के अतिरिक्त अंग्रेजी के बजाए उर्दू भाषा का प्रयोग करें। सरकारी भवनों पर हिंदी भाषा में ही सूचनायें अंकित की जानी चाहिये। जब हम सांसद थे और केंद्र में मंत्री थे, तभी से अपना नाम हिंदी में लिखते हैं।

मुख्यमंत्री ने 'जीविका' बांका द्वारा संचालित गतिविधियों से संबंधित लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने सतत् जीविकोपार्जन योजना के तहत 226 दीदियों के व्यवसाय हेतु 83 लाख 65 हजार रुपये का चेक एवं 2706 जीविका महिला स्वयं सहायता समूहों को 81 करोड़ 64 लाख रुपये का चेक जीविका दीदियों को प्रदान किया।

आर0एम0के0 हाई स्कूल खेल परिसर में 'अभियान बसेरा' के तहत पर्चा वितरण एवं 'मिशन संकल्प' पुस्तिका विमोचन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम को लेकर बने मंच पर जिलाधिकारी श्री अंशुल कुमार ने मुख्यमंत्री को पौधा, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने माल पहाड़िया जनजाति से जुड़ी पांच महिलाओं को सांकेतिक रुप से बासगीत पर्चा प्रदान किया। कार्यक्रम में मौजूद 1015 लाभार्थियों ने बासगीत पर्चा उठाकर मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने 'मिशन संकल्प' पुस्तिका का विमोचन किया।

इस अवसर पर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री आलोक कुमार मेहता, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज, लघु जल संसाधन मंत्री श्री जयंत राज, सांसद श्री गिरिधारी यादव, विधायक श्री मनोज यादव, विधायक श्री भूदेव चौधरी, विधान पार्षद श्री विजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार के अपर मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, भागलपुर के प्रमंडलीय आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक भागलपुर रेंज श्री विवेकानंद, जिलाधिकारी बांका श्री अंशुल कुमार, पुलिस अधीक्षक बांका श्री अमित रंजन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारी, आमजन अपस्थित थे।

बांका जिला में आयोजित कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जमुई जिला के सोनो प्रखंड स्थित बरनार नदी पर निर्मित क्षतिग्रस्त कॉजवे का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जमुई जिला के सोनो प्रखंड स्थित बरनार नदी पर निर्मित सोनो–चुरहैत पुल बीते दिनों तेज बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था जिसका मुख्यमंत्री ने आज जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्थल पर उपस्थित पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत को निर्देश दिया कि छठ पर्व के पूर्व लोगों के आवागमन हेतु बेली ब्रिज बनाकर इसे चालू कर दिया जाय। इसके साथ–साथ जल्द से जल्द डी0पी0आर0 तैयार कर नये पुल के निर्माण का कार्य शुरू किया जाय।

इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, स्वास्थ्य एवं पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जमुई के जिलाधिकारी श्री अवनीश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******